आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 33 लखनऊ, बुद्धवार 07 दिसम्बर 2022 से 13 दिसम्बर 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## भारत को जी–२० की अध्यक्षता के लिए समर्थन पर वैश्विक नेताओं को धन्यवाद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया की २० प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी–२० (जी–२०) की भारत की अध्यक्षता के प्रति समर्थन देने के लिए फ्रांस और अमेरिका के राष्ट्रपतियों सहित वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के बधाई ट्वीट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीटर कहा,” आपका समर्थन महत्वपूर्ण है। जापान ने वैश्विक कल्याण में बहुत योगदान दिया है और मुझे विश्वास है कि विश्व विभिन्न मोर्चों पर जापान की सफलताओं से सीखता रहेगा। एटकिशिदा२३०।” श्री मोदी ने इसी तरह स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के बधाई संदेश के जवाब में मोदी ने उनकी शुभकामनाओं और उनके उदार शब्दों के लिए आभार व्यक्त किया और ट्वीट किया। अमेरिकी राष्ट्रपति श्री जो बाइडेन को भी धन्यवाद करते हुए श्री मोदी ने ट्विटर पर कहा, ”धन्यवाद एट अमेरिका के राष्ट्रपति आपका बहुमूल्य समर्थन भारत की जी–२० अध्यक्षता के लिए शक्ति का स्रोत होगा। यह महत्वपूर्ण है कि हम सब मिलकर एक बेहतर दुनिया का



निर्माण करें। श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रन के एक ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, धन्यवाद मेरे प्यारे दोस्त /एम्मानुएल मैक्रां! मैं भारत की जी२० अध्यक्षता के दौरान आपसे गहराई से परामर्श करने को उत्सुक हूं, क्योंकि हम व्यापक रूप से मानवता को समग्र रूप से प्रभावित करने वाले मुद्दों पर दुनिया का ध्यान केंद्रित करने के लिए काम करते हैं। श्री बाइडेन ने भारत को जी२० की अध्यता संभालने पर बधाई देते हुए ट्वीट किया था, ”भारत अमेरिका का एक मजबूत भागीदार है, और मैं भारत की जी२० अध्यक्षता के दौरान अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करने के लिए तत्पर हूं। साथ मिलकर हम जलवायु, ऊर्जा और खाद्य संकट जैसी साझा चुनौतियों से निपटते हुए सतत और समावेशी आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाएंगे।” भारत ने पहली दिसंबर को जी२० की अध्यक्षता संभाली। जी२० सकल वैश्विक घरेलू उत्पाद के ८५ प्रतिशत हिस्से और आबादी के दो तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। भारत जी२० की अगले वर्ष शिखर बैठक की अध्यक्षता करेगा। इससे पहले पूरे वर्ष कार्यक्रमों का एक लम्बा सिलसिला चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जी–२० की भारत की अध्यक्षता शुरू होने पर एक लेख में 'धरा एक, कुटुम्ब एक,भविष्य एक' की भावना को प्रोत्साहित करने का भारत का संकल्प जताया है।

## डॉ. अंबेडकर के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकताः पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महापरिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को डॉ. बाबासाहेब



अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनकी अनुकरणीय सेवा को याद किया। श्री मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, महापरिनिर्वाण दिवस पर, मैं डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और हमारे राष्ट्र के लिए उनकी अनुकरणीय सेवा को याद करता हूं। उनके संघर्षों ने लाखों लोगों को आशान्वित किया और भारत को इतना व्यापक संविधान देने के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

## देश बाबा साहब का सदा आभारी रहेगा :सीएम योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर आज मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके सीएम योगी ने कहा, यूपी सरकार बाबा साहेब के दिखाए सपनों को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। बाबा साहब ने देश को नई दिशा दी। देश बाबा साहब का सदा आभारी रहेगा। इस दौरान सीएम के साथ सूबे के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इससे पहले सीएम योगी ने ट्वीट कर लिखा, ''भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पी, वंचितों, शोषितों व महिलाओं के उत्थान हेतु आजीवन संघर्षशील बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सच्चे अर्थों में श्भारत रत्नश थे।



'अंत्योदय' को समर्पित उनका जीवन लोकतंत्र की पाठशाला है। आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!''

## यूपी विधान भवन के शीतकालीन सत्र में दूसरे दिन भी जमकर हुआ हंगामा

लखनऊ। लखनऊ। यूपी विधान भवन के शीतकालीन सत्र में दूसरे दिन भी जमकर हंगामा हुआ, जिसके चलते सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। कार्रवाई के दौरान सपा विधायकों ने योगी सरकार पर कई आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। विधानसभा अध्यक्ष बीच–बीच में कई बार शांति की अपील करते रहे लेकिन इसका कोई असर देखने को नहीं मिला। कुछ सपा विधायकों को देखा गया कि वह अपनी फेसबुक आईडी से विधानसभा सत्र की कार्यवाही को लाइव कर रहे थे, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने आपत्ति जताते हुए विधायकों को लाइव न करने के लिए कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा यह सदन की मर्यादा के खिलाफ है। करीब ३२ मिनट तक चली विधानसभा की कार्रवाई में सपा विधायकों का हंगामा बढ़ता



देख विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को स्थगित करने की घोषणा की है। बता दे एक दिन पहले यूपी की एक लोकसभा और दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान सपा विधायकों का आरोप है कि प्रदेश सरकार की सह पर चुनाव में जमकर धांधली हुई है। सपा विधायकों के आरोपों के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा की आप लोग जो बात अपनी रखना चाहते हैं वह शांति से रखें, लेकिन सपा के विधायक नहीं माने। बता दें योगी सरकार ने बीते सोमवार को प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन २०२२–२३ के लिए ३३७६६ करोड़ ५४ लाख रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया था। शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्रवाई पर अनुपूरक बजट को लेकर चर्चा होनी थी लेकिन हंगामे के चलते सदन स्थगित कर दिया गया।

## जीएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई कई जनपदों में छापेमारी

लखनऊ। प्रदेश के ७१ जनपदों में जीएसटी की २४८ टीमों ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ छापेमारी की है। सूत्रों की मानें तो, इन टीमों ने अलग–अलग प्रतिष्ठानों में यह छापेमारी की है। इसमें पुलिस बल के अलावा वित्त विभाग, राजस्व खुफिया महानिदेशालय और अन्य विभागीय अफसरों के शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

## संसद सत्र को लेकर सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक शुरू

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारू ढंग से चलाने के लिए सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक शुरू हो गई है। संसद भवन परिसर में चल रही सर्वदलीय बैठक में सरकार की तरफ से केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल, वी. मुरलीधरन बैठक में शामिल हो रहे हैं। अन्य राजनीतिक दलों में कांग्रेस से अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल कांग्रेस से सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन, आम आदमी पार्टी से संजय सिंह, जनता दल यूनाइटेड से रामनाथ ठाकुर, बीजू जनता दल से पिनाकी मिश्रा, अकाली दल से हरसिमरत कौर बादल और नेशनल कांफ्रेंस से फारूक अब्दुल्ला के अलावा कई अन्य राजनीतिक दलों के भी फ्लोर लीडर्स बैठक में मौजूद है। बताया जा रहा है कि सर्वदलीय बैठक के दौरान सरकार की तरफ से सभी राजनीतिक दलों को विधायी एजेंडे की जानकारी देने के साथ–साथ उनसे सत्र के दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलाने के लिए सहयोग भी मांगा जाएगा। वहीं बैठक के दौरान विपक्षी राजनीतिक दल भी अपने–अपने एजेंडे को सरकार के सामने रख सकते हैं जिन पर वो सत्र के दौरान चर्चा कराना चाहते हैं।

# सम्पादकीय

## अनुभव से सीख लेने की जरूरत

मार्गरेट थैचर के जमाने में ब्रिटेन ने सारी दुनिया को निजीकरण के फायदे बताए। दुनिया ने उसकी बात इसलिए सुनी, क्योंकि उसने १९८० के दौर में खुद भी ज्यादातर सार्वजनिक सेवाओं का धुआंधार निजीकरण किया। यहां तक कि पानी भी प्राइवेट कंपनियों को सौंप दिया गया। आज हाल यह है कि देश में ७० प्रतिशत से अधिक पानी पर इन्वेस्टमेंट फर्मों, प्राइवेट इक्विटी फर्मों, पेंशन फंड्स और टैक्स हैवेन्स से कारोबार करने वाले बिजनेस घरानों का मालिकाना कायम हो गया है। अखबार द गार्जियन के एक रिसर्च के मुताबिक ब्रिटेन के पानी पर दुनिया के बड़े इन्वेस्टमेंट फंड्स का मालिकाना बन गया है। ब्रिटेन की नौ प्रमुख और छह अपेक्षोत छोटी पानी और सीवेज कंपनियों में लगभग १०० अन्य कंपनियों की शेयरहोल्डिंग है। १७ देशों की इन कंपनियों का आज ब्रिटेन में वटर इंडस्ट्री के ७२ प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण है। इस रिसर्च में वटर इंडस्ट्री के ८२ फीसदी हिस्से को ही शामिल किया जा सका। इस रिसर्च की जरूरत इसलिए पड़ी कि आज ब्रिटिश उपभोक्ता पानी आपूर्ति में कई तरह की दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। लोगों को इस समय पानी की कमी, सीवेज बहाव और पाइप लीक की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसी कारण अब कई जन संगठनों ने वटर इंडस्ट्री को जवाबदेह बनाने की मांग उठाई है। आरोप है कि पानी के कारोबारी कारगर सेवा देने के लिए पर्याप्त निवेश नहीं कर रहे हैं। इसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है। साथ ही पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। तीन दशक पहले जब पानी का निजीकरण किया गया, तब यह कहा गया था कि नई व्यवस्था में आम लोग जल प्रबंधन में भागीदार होंगे। लेकिन असल में पानी बड़े निवेशकों के मुनाफे का उद्योग बन गया। शोधकर्ताओं ने कहा है कि अब पानी पर स्वामित्व का जो ढांचा है, उसमें पारदर्शिता और जवाबदेही न्यूनतम है। तो साफ है, जब तक ये व्यवस्था प्राइवेट कंपनियों के हाथ में बनी रहेगी, वटर इंडस्ट्री की जवाबदेही तय करने की मांग कहीं नहीं पहुंचेगी। जाहिर है, अब दुनिया को ब्रिटेन के इस अनुभव से सीख लेने की जरूरत है।

## राज्य स्तरीय कला उत्सव २०२२-२३ का आयोजन

लखनऊ। राजधानी में राज्य स्तरीय कला उत्सव २०२२-२३ का आयोजन आयोजन किया गया। इस कला उत्सव की खास बात ये थी कि इसमें लगातार विलुप्त हो रही कलाओं का रूप और भारतीय संस्ंति का मुखौटा देखने को मिला। रूचि खंड स्थित सेंट जोसेफ कॉलेज के नीरू स्मृति सभागार में आयोजित इस कला उत्सव का की शुरूआत माध्यमिक शिक्षा व राजकीय परियोजना निदेशक विशेष सचिव डॉ रूपेश कुमार ने की। डा रूपेश कुमार बातौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। वहीं कला उत्सव कार्यक्रम आयोजन राजकीय बालिका इंटर कलेज सरोसा भरोसा लखनऊ की प्रवक्ता वंदना तिवारी की ओर से किया गया। कला प्रदर्शनी को मुख्य रूप देने वाले बाल कलाकारों से मुख्य अतिथि ने बातचीत की और कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानना और उनको अपनी विधा में पारंगत बनाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से शोध संवर्धन एवं विलुप्त होती हुई लोक कलाओं व विरासत को पोषित और संरक्षित किया जा सकता है। उद्घाटन समारोह में विष्णु कांत पांडे (अपर राज्य परियोजना निदेशक ), सुरेंद्र कुमार तिवारी (संयुक्त शिक्षा निदेशक षष्ठ मंडल, लखनऊ), शान्तवना तिवारी (संयुक्त निदेशक, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान लखनऊ ),ओम प्रकाश मिश्रा शिक्षा (उप शिक्षा निदेशक, षष्ठ मंडल, लखनऊ), राकेश कुमार (जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ),प्रतिमा सिंह (सहायक निदेशक, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान लखनऊ), दिनेश कुमार सिंह राठौर (जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय लखनऊ), राजीव कुमार तिवारी (जिला समन्वयक, लखनऊ) एवं अन्य विभागीय सदस्य उपस्थित थे।

# लोकबंधु अस्पताल में लगाई गई उच्च स्तर की सीटी स्कैन मशीन

लखनऊ। राजधानी के आशियाना क्षेत्र स्थित सरकारी अस्पताल लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की



सुविधा के लिए हाइटेक सिटी स्कैन मशीन लगाई गई है। इस मशीन का उद्घाटन मंगलवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। ३१८ बेड के इस राजकीय चिकित्सालय में शहर की ५ लाख आबादी का इलाज होता है। उद्घाटन के मौके पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके सरकारी अस्पतालों में उचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा मरीजों को सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोक बंधु अस्पताल में हाईटेक सिटी स्कैन मशीन लगने के बाद काफी हद तक राहत मिल जाएगी। बता दें इससे पहले कम ही लोगों के सिटी स्कैन हो पाते थे स्थिति में मरीजों को बाहर का रास्ता अपनाना पड़ता था। उद्घाटन के मौके पर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश पार्थ सारथी सेन शर्मा महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ लिली सिंह भी उपस्थित रहीं। अस्पताल के सीएमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी नहीं बताया सीटी स्कैन लग जाने से आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था की गुणवत्ता में अत्यधिक सुधार होगा, अत्यधिक गंभीर मरीजों को सीटी स्कैन की सुविधा हेतु सिविल अस्पताल में जाना पड़ता था इससे उनके उपचार में विलंब की संभावना रहती थी सीटी स्कैन की खबर से मरीजों को अत्यधिक खुशी का माहौल है।

# 20 वीं सदी के ज्ञान के प्रतीक डॉक्टर आंबेडकर सभी लोगों के आदर्श

लखनऊ। डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मोहनलालगंज के सांसद व भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ में अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष विकास किशोर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। डॉक्टर आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कौशल किशोर ने कहा २० वीं सदी के ज्ञान के प्रतीक डॉक्टर आंबेडकर के नेतृत्व में भारत का संविधान बनाया गया जिसमें सभी लोगों को अपने हक के लिए लोकतांत्रिक तरीके से न्याय पाने के लिए अधिकार दिए गए, गांव पंचायत में पंच से लेकर प्रधान और विधायक और सांसद चुनकर के सरकारे बनाने का भी अधिकार, वोट का अधिकार के तहत देने का काम किया गया है। कौशल किशोर ने आगे कहा डॉक्टर आंबेडकर के नेतृत्व में बना संविधान रोज का रोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में



मजबूत होता जा रहा है डॉक्टर आंबेडकर के संविधान को पूरे देश में प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हुबहू लागू करने का काम कर रहे हैं। कौशल किशोर ने कहा कि आज पूरे देश के अंदर डॉ. आंबेडकर की सबसे ज्यादा प्रतिमाएं लगी है। और दुनिया में सबसे ज्यादा देशों में डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा लगाई गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉक्टर आंबेडकर जहां पैदा हुए, जहां पढ़ाई की, जहां रहे और जहां अंतिम सांस लिया, विदेश में जहां रहकर पढ़ाई की सभी जगहों पर डॉक्टर आंबेडकर के यादगार स्थल बनाकर पंचतीर्थ का निर्माण किया। कौशल किशोर ने कहा डॉक्टर आंबेडकर सभी लोगों के आदर्श हैं वह केवल अनुसूचित जाति-जनजाति के ही नहीं बल्कि सभी वंचित कमजोर तबके के लोगों के, महिलाओं के, बुजुर्गों के, नौजवानों के, सभी वर्ग के मसीहा थे। ०६ दिसंबर को पूरी दुनिया में डक्टर आंबेडकर के परि निर्वाण दिवस को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसी परिपेक्ष्य में लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र में भाजपा नेत्री ठाकुर नेहा सिंह के द्वारा गरीबों को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# अतुल प्रधान एक दिन के लिए सदन से सस्पेंड

लखनऊ। यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। सत्र होते ही विपक्ष के हंगामे के चलते सदन को कुछ देर के लिये स्थगित कर दिया गया था। अब एक बार फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हो गई है। इस बीच सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं के सवालों का जवाब दिया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिये सर्वश्रेष्ठ गंतव्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश को विकसित करने के लिए बजट की जरूरत थी। पीएम मोदी ने देश



की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य में यूपी अपना बड़ा योगदान दे सकता है। इस बीच विधानसभा में फेसबुक लाइव करने पर सपा विधायक अतुल प्रधान पर एक्शन लिया है। प्रधान को एक दिन के लिए सदन से सस्पेंड किया गया है। यूपी विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सुभसपा प्रमुख ओपी राजभर ने कहा, मैं सपा के चक्कर में नहीं रहता हूं। जो बोलता हूं अपनी पार्टी के दम पर बोलता हूं। संसदीय कार्यमंत्री का कागज में ध्यान रहता है। सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट पर जमकर बोले ओपी राजभर।

# बसपा सुप्रीमो मायावती ने दी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित और कहा कि अगर देश की सरकारें संविधान के पवित्र उसूलों के तहत काम करतीं, तो करोड़ों गरीबों को कई मुसीबतों से मुक्ति मिल गई होती। मायावती ने सुबह लखनऊ में आंबेडकर के ६६वें परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, ''देश को पूर्ण जनहितैषी, कल्याणकारी एवं समतामूलक संविधान देकर धन्य करने वाले परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत–शत नमन। उन्होंने हर मामले में बेहतरीन संविधान देकर भारत का



नाम देश–दुनिया में जो रौशन किया है वह अनमोल है। देश उनका सदा आभारी है।' पूर्व मुख्यमंत्री ने एक अन्य ट्वीट किया, ''देश की सरकारें काश उस संविधान के पवित्र उसूलों के तहत कार्य करतीं, तो यहां करोड़ों गरीब एवं मेहनतकशों को कई मुसीबतों से कुछ मुक्ति मिल गई होती। संविधान के आदर्श को जमीनी हकीकत में बदलकर लोगों के अच्छे दिन लाने की जिम्मेदारी में विमुखता एवं विफलता दुखद, चिंतनीय है।' उन्होंने कहा, ''बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर का नाम आते ही संवैधानिक हक के तहत लोगों के हित, कल्याण, उनके जान–माल–मजहब की सुरक्षा तथा आत्म–सम्मान व स्वाभिमान के साथ जीने की गारंटी की याद आती है। अतः रोजी–रोटी, न्याय, सुख–शांति व समृद्धि से वंचित लोगों की चिंता करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धाजलि है।'

# २० सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के कर्मचारियों का धरना

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्यालय पर विद्युत कर्मचारी २० सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। इस धरने में प्रदेश के १६ जिलों से हजारों से भी



ज्यादा विद्युत कर्मचारी पहुंचे है। जिसमें निविदा और संविदा समेत आउटसोर्सिंग के कर्मचारी भी शामिल हैं। बता दें कि इससे पहले भी बीते हफ्ते मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्यालय पर विद्युत कर्मचारियों ने धरना दिया था। जिसमें निदेशक ने कर्मचारियों से सभी मांगों को लेकर आख्या मांगी थी और धरना स्थगित करने की बात कही थी। वहीं आज उत्तर प्रदेश करपोरेशन निविदा६ संविदा कर्मचारी संघ ने निदेशक द्वारा मांग न पूरी करने पर प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्युत कर्मचारियों ने बताया कि आउट सोर्सिंग के माध्यम से उन लोगों को कई साल पहले नौकरी दी गई थी। वहीं दिवाली के दिन बिना किसी नोटिस के उन्हें बाहर कर दिया गया। जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश कर्पोरेशन निविदा ६ संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने हमारी जरूरी मांगों को पूरा नही किया। जिसको लेकर हम ६ ारना प्रदर्शन कर रहे हैं और निदेशक से गुहार लगा रहे है कि मानक के अनुसार विद्युत कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण दिया जाए, हर महीने ७ तारीख को कर्मचारियों का वेतन दिया जाए, हादसे में शिकार कर्मचारियों का मुफ्त इलाज किया जाए, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की तरह मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में भी कर्मियों को २२ हजार रुपए वेतन दिया जाए और बिलिंग कार्य से हटाए गए सभी कर्मचारियों को वापस उनको काम दिया जाए। इसके अलावा उन्होंने कर्मचारियों के साथ हो रही घटनाओं की जांच कराने और ५५ वर्ष का हवाला देकर हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लिए जाने की भी बात उठाई। महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि कुछ मांगों पर आदेश जारी किया गया था लेकिन न उनका पालन हो रहा है और ना ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो रहा है।

# ग्रामीणों ने हत्या कर शव लटकाने का लगाया आरोप

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के रहमतनगर में क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) का शव एक पेड़ से लटका बरामद हुआ है। मृतक नरेंद्र के दोनों पैरों के घुटने जमीन पर थे। शोर–शराबे के बाद घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की छानबीन करनी शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार गोसाईगंज थाना क्षेत्र के रहमतनगर गांव में मंगलवार की सुबह करीब ७ बजे ग्रामीणों ने गांव के बाहर क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र कुमार का पेड़ से लटकता हुआ शव देखा। शोर–शराबे के बाद घटना स्थल पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। मौजूद लोगों ने घटना की सूचना गोसाईगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नरेंद्र की हत्या के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया। मृतक के गले में गमछे का फंदा था। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। बता दें कि काकोरी में भी अभी हाल ही में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) राम जीवन चौधरी की चुनावी रंजिश के कारण पूर्व प्रधान शमशेर यादव उर्फ शिवा ने साथियों संग मिलकर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें पुलिस ने मुख्य आरोपी पूर्व प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, हत्या में शामिल शिवा, रिंकू, माइकल और जितेंद्र की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।गोसाईगंज थाना प्रभारी दीपक पांडे के मुताबिक, ग्रामीणों ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। हालांकि परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। परिजन तहरीर देते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# जेल से छूटे सपा विधायक नाहिद हसन ने विधानसभा सदस्यता की शपथ ली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कैराना से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक नाहिद हसन को सोमवार को विधानसभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। हसन गैंगस्टर कानून (हंदहेजमत सूं) के तहत



एक मामले में इस साल १५ जनवरी से चित्रकूट जेल में बंद थे और उन्होंने जेल से ही चुनाव भी जीता था, मगर जेल में होने के कारण वह विधानसभा की सदस्य्यता की शपथ नहीं ले सके थे। इलाहाबाद उच्च्य न्यायालय से जमानत मिलने पर वह गत शनिवार को जेल से रिहा हुए थे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, महाना ने अपने कार्यालय कक्ष में कैराना से निर्वाचित विधायक नाहिद हसन को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। उन्होंने बताया कि इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान और विधान सभा कार्य संचालन नियमावली भेंट की। महाना ने हसन को बधाई देते हुए कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब हों और सदन में होने वाली चर्चाओं में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। सपा विधायक नाहिद हसन को पिछली १५ जनवरी को पुलिस ने गैंगस्टर कानून सहित अमानत में खयानत और धमकी के मामले में शामली से गिरफ्तार किया था।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग को एलडीए ने किया सीज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौक कोतवाली क्षेत्र में बिना नक्शा पास किए निर्माण किये जा रहे बिल्डिंग को को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम ने आज सीज किया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बिल्डिंग के गेट पर निर्माण कार्य न कराए जाने की चेतावनी देते हुए नोटिस भी चस्पा की है। इससे पहले नोटिस चस्पा करने पहुंची टीम को बिल्डिंग निर्माण करा रहे मालिक और उसके कुछ समर्थकों ने घेरने का प्रयास किया, मौके पर पहुंची चौक कोतवाली की पुलिस ने सभी को खदेड़ा। चौक कोतवाली प्रभारी ने बताया पुलिस बल की मौजूदगी में बिल्डिंग को सील किया गया है। वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है २०२० में भी अवैध तरीके से बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था, तब भी बिल्डिंग मालिक को नोटिस जारी की गई थी। नोटिस के बाद भी बिल्डिंग मालिक ने अवैध निर्माण कार्य कराया जिसके बाद नोटिस चस्पा करते हुए बिल्डिंग को सील किया गया है।



लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक मोहसिन नवाब व आसिफ नवाब, गोल दरवाजा, जम्बू कुमार ज्वैलर्स के पीछे, ताज मंजिल गली, चौक बिना मानचित्र स्वीकृत कराये ही निर्माण करवा रहें थे जिसके बाद आज कार्रवाई की गई है।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूमने पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कैसरबाग थाना क्षेत्र में बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि बाइक का चालान फर्जी नंबर प्लेट वाली गाड़ी का कट रहा है और चालान नंबर प्लेट धारक गाड़ी के असली मालिक के पास पहुंच रहा है। कैसरबाग के हीवेट रोड निवासी अब्दुल अजीज सिद्दीकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बेटे की बाइक घर पर खड़ी होने के बावजूद लगातार चालान कट रहा था। बाइक का चालान उनके घर पर आता रहा। आरोप है कि उनके बेटे की बाइक का नंबर प्लेट कोई दूसरा व्यक्ति अपनी गाड़ी पर लगाकर घूम रहा है। थाना प्रभारी



कैसरबाग रामेन्द्र तिवारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जिस जगह चालान कटे हैं, वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। जिससे आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके।

# दिल्ली और केंद्र के बीच शक्ति विवाद बड़ी पीठ को सौंपा जाए : केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार नेसोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण से संबंधित संवैधानिक मुद्दे से जुड़े मामले को एक बड़ी पीठ को संदर्भित करने के लिए एक नई याचिका दायर की है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ के समक्ष दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एम. सिंघवी द्वारा केंद्र की याचिका का विरोध करते हुए कहा गया, इससे केवल देरी होगी और इस तरह की रणनीति की अनुमति नहीं दी जा सकती है। केंद्र की ओर से सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुरुआत में कहा, ऐसे कोई तथ्य नहीं हैं जिनका खंडन किया जा सके। लेकिन, मैंने एक आईए (अंतरिम आवेदन) दायर किया है जिसमें कहा गया है कि इस मामले (दिल्ली–केंद्र का मामला) को बड़ी पीठ को संदर्भित किया जा सकता है। सिंघवी ने प्रतिवेदन का



विरोध करते हुए कहा कि यह शीर्ष अदालत के आदेश की समीक्षा की मांग करने जैसा है, जिसमें कहा गया था कि इस मामले को एक बड़ी पीठ के संदर्भ की आवश्यकता नहीं है और पक्षों के बीच एकमात्र मुद्दा दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित विवाद था। सीजेआई ने कहा, आईए पर क्या कार्रवाई की जानी है, इसका फैसला तब किया जा सकता है, जब संविधान पीठ इस पर सुनवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इसे सुनवाई के समय उठाया जा सकता है। सीजेआई ने वकीलों को यह भी सूचित किया कि पांच–न्यायाधीशों की संविधान पीठ के न्यायाधीशों में से एक, न्यायमूर्ति ष्ण मुरारी अस्वस्थ थे, उन्होंने संकेत दिया कि छह दिसंबर को प्रस्तावित सुनवाई स्थगित हो सकती है। न्यायालय ने ११ नवंबर को कहा कि वह दिल्ली सरकार और केंद्र के बीच 'राजनीतिक टकराव के वास्तविक क्षेत्र' से हटेगा और केवल राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण से जुड़े संवैधानिक मुद्दे पर विचार करेगा।

## भाजपा पदाधिकारियों के बैठक का पीएम मोदी ने उद्घाटन किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने सोमवार अपराह्न पार्टी मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण बैठक का औपचारिक उद्घाटन भी किया। मोदी इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को संबोधित भी करेंगे। इससे पहले, भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। नड्डा की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में पार्टी की भविष्य की रणनीति पर विचार–विमर्श किया जाएगा, राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर के अलावा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया जाएगा तथा विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा सभी राज्यों के प्रभारी और सह प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेशों के संगठन महामंत्री भी हिस्सा ले रहे है। बैठक में शामिल होने से पहले प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद के रानिप इलाके में निशान हाई स्कूल मतदान केंद्र में



वोट डाला। अहमदाबाद, वडोदरा और गांधीनगर सहित गुजरात के १४ जिलों की ६३ सीटों पर सोमवार सुबह आठ बजे से मतदान हो रहा है। इन क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। गुजरात के साथ ही हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती बृहस्पतिवार यानी आठ दिसंबर को होगी।

## पीएम मोदी की मां हीराबा ने मतदान कर दिया जागरूकता संदेश

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबा ने गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में गांधीनगर के पास रायसन गांव में मां से उनके घर पर मुलाकात की थी और उनका आशीर्वाद लिया था। प्रधानमंत्री ने भी सोमवार को अहमदाबाद के एक मतदान केंद्र



सोमवार को वोट डाला। जून में १०० वर्ष की हुईं हीराबा अपने छोटे बेटे पंकज मोदी के साथ गांधीनगर के रायसन गांव में रहती हैं। पंकज मोदी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ वह व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचीं और वोट डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपनी में अपना वोट डाला और कहा कि राज्य के लोग सुनते सभी की हैं, लेकिन जो सच है, उसे स्वीकार करना उनका स्वभाव है। गुजरात विधानसभा की १८२ सीट में से ९३ पर दूसरे चरण में मतदान हो रहा है। मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## देश हित में 'भारत जोड़ा यात्रा' से जुड़ें: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के पदयात्रियों को निर्लिप्त होकर देश सेवा के लिए आगे बढ़ने वाले यात्री बताते हुए कहा है कि इसमें सिर्फ देश सेवा है इसलिए सभी देशवासियों को इस यात्रा में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की महंगाई , बेरोजगारी और नफरत वाली नीति में देश का हित नहीं है और न इससे किसी देशवासी का भला होने वाला है जबकि भारत जोड़ो यात्रा देशहित में है और इसके यात्रियों में देशभक्ति का जज्बा तथा देशवासियों की समस्याओं का निदान है। BJP&RSS वालों, भगवान राम की भावना से जीवन जीना सीखो। और सुन लो, 'हे राम' और 'जय सियाराम' तो बोलना ही पड़ेगा। श्री गांधी ने फेसबुक संदेश में कहा 'न द्वेष, न




चिढ़, न क्रोध किसी भी भारत यात्री के दिल में इनमें से कुछ भी नहीं है। कुछ है तो भारत जोड़ने का जज्बा, भारतीयों की समस्याओं के लिए संवेदना और सभी देशवासियों के लिए प्यार। नफरत, महंगाई और बेरोजगारी क्या इनमें कहीं भी देशहित है। क्या इससे किसी भी आम इंसान का भला होगा। नहीं, बिल्कुल भी नहीं।' उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा को देश की जनता की आवाज बताया और कहा आवाज उठाओ, पूरे जोर से उठाओ, मगर भारत की समस्याओं के खिलाफ, भारतवासियों के कल्याण के लिए और इस मुहिम में योगदान देने के लिए, भारत जोड़ो यात्रा में आप सभी आमंत्रित हैं। देश के जिम्मेदार नागरिक की तरह, आपका पहला कर्तव्य हिंदुस्तान की प्रगति और उन्नति है।

## विश्व बैंक ने भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया

नई दिल्ली। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष (२०२२–२३) के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को ६.५ प्रतिशत से बढ़ाकर ६.९ प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल घटनाक्रमों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था जुझारू क्षमता दिखा रही है। इससे पहले अक्टूबर में विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि दर के अनुमान को ७.५ प्रतिशत से एक प्रतिशत घटाकर ६.५ प्रतिशत कर दिया था। अब उसने वृद्धि दर के अनुमान को फिर बढ़ाकर ६.९ प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी भारत से संबंधित अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जुझारू बनी हुई है और दूसरी तिमाही के




जीडीपी के आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहे हैं। इस वजह से पूरे वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया जा रहा है। पिछले वित्त वर्ष (२०२१–२२) में भारत की वृद्धि दर ८.७ प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई–सितंबर की तिमाही में अर्थव्यवस्था ६.३ प्रतिशत की दर से बढ़ी है। विश्व बैंक ने कहा, अमेरिका, यूरो क्षेत्र और चीन के घटनाक्रमों का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है। हालांकि, विश्व बैंक ने भरोसा जताया है कि सरकार चालू वित्त वर्ष में ६.४ प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लेगी। विश्व बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति ७.१ प्रतिशत पर रहेगी।

## दिल्ली में धड़ाम से सड़क पर आ गिरी 4 मंजिला बिल्डिंग

नई दिल्ली। राजधानी नई दिल्ली में सोमवार को एक बड़ी घटना हो गई है। दिल्ली के शास्त्री नगर इलाके में आज उस समय हड़कंप मच गया जब एक चार मंजिला बिल्डिंग अचानक से भरभराकर सड़क पर आ गिरी। इस रूह कंपाने वाली घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि, कैसे इतनी बड़ी इमारत कुछ ही सैकेंड्स में सड़क पर आ गिरी। इसमें कई वहां भी दबते नजर आये। गनीमत ये रही कि इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं है। दिल्ली पुलिस ने



भी इस वीडियो की पुष्टि कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन समेत फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस भी तुरंत मौके पर पहुंची और आसपास वीडियो बना रहे लोगों को दूर भगाया। पुलिस के अनुसार, जब ये बिल्डिंग जमींदोज हुई तब उसमें कोई नहीं था और ये पूरी तरह से खाली थी।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा में ३३७६९५४.६७ लाख का अनुपूरक बजट पेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य विधानमण्डल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन वित्त वर्ष २०२२ँ२३ का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्त वर्ष २०२२–२३ के लिये ३३७६९५४.६७ लाख रुपये की अनुपूरक अनुदान की मांगों को सदन में पेश किया। इसमें १३७५६८४.२८ लाख रुपये के राजस्व लेखे और २००१२७०.३९ लाख रुपये के पूंजी लेखे शामिल हैं। इसके पूर्व, सदन में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर सत्तापक्ष और विपक्ष के विभिन्न सदस्यों ने शोक व्यक्त किया। अनुपूरक बजट पेश करने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिये स्थगित कर दी गयी।

# अद्भुत देवता : न्याय के देवता

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

न्यायकारी, दूधाधारी, गढ़ चम्पावत को राजा, झलराई को लाल तू, माता कालिंका को सांचो पूत, चितई चौधान में तू, घोड़ा संग घोड़ाखाल में तू, नमोव, चमड़खान और ताड़ीखेत में तू, सारे काली कुमाऊं तेरो राज गोरिया. धदिये की धाद सुनछे, दुखियाको को दुख हरछे, दूधक दूध पाणिक पाणी करछे। सांच मनल जो त्यर नाम ल्यौ उ कि मन इच्छा पूरि करछे। जय जय बाला गोरिया राति ब्याव, दिन दोपहर, त्यर नाम लिनू चार पहर, लगन लगे दिए, विघ्न हरे दिए। शोक संताप दूर करिए. मामू ( सैम राजा ) को साचो भांजा, गुरु गोरखनाथ को सच्चो चेला, हिले दे पतवार, लगे दे पार. एक बार, फिर तेरी जयजैकार. कूर्मान्चल में व्यापक धार्मिक भावनाओं और उपासना पद्धतियों में ग्राम देवता या कुल देवता का विशिष्ट स्थान है. इनकी उपासना के मूल में भूत – प्रेत पूजा, सामन्ती व्यवस्था के प्रति तीव्र आक्रोश तथा अवर्गों के प्रति सवर्णों से प्रतिक्रियात्मक भावना व्याप्त है. इनमें सत्यनाथ, भोलानाथ, गंगनाथ, ग्वेल, सैम, ऐडी, भैरों, कलबिष्ट, चौमू, हरजू, भूमिया, नन्दादेवी, गरदेवी, ज्वालपादेवी, जियाराणी, झालीमाली आदि प्रमुख हैं.. पौराणिक देवी –देवताओं की अपेक्षा, यहां के लोकजीवन को यहां के स्थानीय देवी – देवताओं ने अधिक प्रभावित किया है ऐसा प्रतीत होता है कि ये सभी क्षेत्रीय देवी देवता यहां की आदिम जातियों की देन हैं, जिन्होंने इन चरित्रों के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त किया है. कूर्मांचल में हरु, सैम, गोलू यानीगोरिल देवता आदि की गाथाएं लोक जीवन में खूब प्रचलित है. विश्वास किया जाता है कि चम्पावत के राजा ज्ञानचन्द, जिनको राज्यकाल कुमाऊँ का इतिहास के लेखक श्री बद्रीदत्त पाण्डे जी ने १३७४ से १४१६ बताया है, के समय चम्पावत के समीप गोरिल चौड़ और जागेश्वर के समीप झाकरसैम को केन्द्र बनाकर इन्होंने राजनैतिक गतिविधियों का संचालन किया. इनसे सम्बन्धित कोई लिखित इतिहास तो उपलब्ध नहीं है, गोलू देवता को न्याय का देवता भी कहा गया है. नदी में बहाए जाने के कारण इसका नाम गोरिया यो गोरिल्ल भी कहा गया . गुलेल का निशानेबाज होने के कारण इसे ग्वल कहते हैं . इसका महत्व कुमाऊँ में ही नहीं, गौरेया नाम से उ.प्र. के पूर्वी जिलों में भी है. रियासत टिहरी के राजा सुदर्शन शाह ने अपनी रियासत में गोरिल्ल की पूजा पर प्रतिबन्ध लगा रखा था. अब तो गढ़वाल क्षेत्र में ग्वेल देवता की पूजा होती है. यह भी विश्वास किया जाता है कि यह बलपूर्वक अपनी पूजा लेता है. कुमाऊँ में गोरिल देवता के मन्दिर चौड, गरुड़, उदैपुर, मनारी, घोड़ाखाल, मानिल, कुमौड़, गागर रानीबाग, चितई आदि स्थानों में हैं . किन्तु लोकगाथाओं से इनका पूरा चरित्र चित्रण हो जाता है. गोलू देवता कालान्तर में यह अत्यन्त न्यायप्रिय राजा सिद्ध हुआ. जिसको कहीं न्याय नहीं मिलता था, वह गोलू देवता के पास आता था.इनको एक चिट्ठी लिखकर न्याय पा सकते हैं. मृत्यु के बाद भी ग्वेल राजा देवता के रूप में पूजा जाने लगा. लोक गाथाओं में गोलू देवता के दो रूप राजकुमार और गोलू देवता के पाए जाते हैं. इन्हें हम जीवनी और महातम्य के रूप में भी विभक्त कर सकते हैं. प्रारम्भिक गाथाओं में गोलू को 'धौली धुगोलू देवता कालान्तर में यह अत्यन्त न्यायप्रिय राजा सिद्ध हुआ. जिसको कहीं न्याय नहीं मिलता था, वह गोलू देवता के पास आता था. मृत्यु के बाद भी ग्वेल राजा देवता के रूप में पूजा जाने लगा. लोक गाथाओं में गोलू देवता के दो रूप राजकुमार और गोलू देवता के पाए जाते हैं . इन्हें हम जीवनी और महातम्य के रूप में भी विभक्त कर सकते हैं. प्रारम्भिक गाथाओं में गोलू को 'धौली धुमाकोट' से जोड़ा जाता है. लेकिन बाद की गाथाओं में चम्पावत से जोड़ा जाता है. 'माकोट' से जोड़ा जाता है. लेकिन बाद की गाथाओं में चम्पावत से जोड़ा जाता है. चम्पावत नगर के समीप 'गोरिल चौड़' में चन्द राजा ज्ञानचन्द के शासन काल में गोलू ने अपना आश्रम स्थापित किया, जो बाद में कुमाऊँ का एक प्रसिद्ध धर्मस्थल बन गया. 'भनर्या' नाम से भी वह प्रसिद्ध हुआ. 'ख्याल' नामक शैली में 'भनय' की जो गाथा प्रचलित है, उसमें गोलू देवता का नैनीताल में घोड़ाखाल जाने का वर्णन है. गोलू देवता पर नाथपंथ का पूरा प्रभाव था. दूसरे शब्दों गोलू देवता एक नाथपंथी जोगी थे।









# बाबरी की बरसी पर तनाव

मथुरा। बाबरी विध्वंस दिवस पर मंगलवार को लड्डू गोपालका जलाभिषेक और हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिये मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर स्थित शाही ईदगाह मस्जिद की ओर जाने की कोशिश कर रहे हिन्दू महासभा के आगरा प्रभारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि शाही ईदगाह में लड्डू गोपाल का जलाभिषेक और हनुमान चालीसा का पाठ करने की हिंदू महासभा की घोषणा के मद्देनजर मस्जिद की तरफ जाने का प्रयास कर रहे महासभा की आगरा इकाई के प्रभारी सौरभ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिंह ने बताया कि उनके अलावा सोमवार को हिंदूवादी संगठनों के सात–आठ अन्य नेताओं को भी अलग–अलग थाना क्षेत्रों में स्थित उनके आवासों पर नजरबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि अखिल भारत हिन्दू महासभा ने अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस दिवस पर छह दिसंबर को शाही ईदगाह मस्जिद में लड्डू गोपाल का जलाभिषेक और



हनुमान चालीसा पाठ करने का ऐलान किया था। महासभा का दावा है कि शाही ईदगाह मस्जिद उसी जगह पर बनी है, जहां पहले कभी ष्ण मंदिर का गर्भगृह था और गर्भगृह को तोड़कर वह मस्जिद बनायी गयी है। सिंह ने बताया कि हिंदू महासभा की घोषणा के मद्देनजर चप्पे–चप्पे पर चौकसी बढ़ा दी गई है और खुफिया तंत्र भी मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान और ईदगाह की तरफ जाने वाले वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है और जगह–जगह अवरोधक लगाए गए हैं। सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस गश्त कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि जिले की कानून–व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी और यदि कोई भी शांति व्यवस्था को बिगाड़ता पाया गया तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी और इसके लिए सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगाह रखी जा रही है। पांडेय ने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले कई लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 23 दिसंबर को होगा केजीएमयू का 18वां दीक्षांत समारोह

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) का १८वां दीक्षांत समारोह २३ दिसंबर को होगा। इसमें ४१ मेधावियों को स्वर्ण,रजत और कांस्य पदक से नवाजा जायेगा। दीक्षांत समारोह पर मिलने वाले पदकों पर २३ छात्राओं और १८ छात्रों ने कब्जा किया है। इस बार पदकों की दौड़ में छात्राओं ने बाजी मारी है। यह जानकारी मंगलवार को केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी है। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह केजीएमयू स्थित अटल बिहारी वाजपेई सांइटिफिक कंवेशन सेंटर में होगा। कुलपति डॉ. बिपिन पुरी ने बताया कि केजीएमयू के सबसे प्रतिष्ठित चांसलर,हीवेट और यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल पर (एमबीबीएस की छात्रा) डॉ.महविश ने कब्जा जमाया है। समारोह में सबसे ज्यादा डॉ.महविश को १३ स्वर्ण पदक मिलेंगे। इसके अलावा दो रजत पदक और दो पुस्तक पुरस्कार भी डॉ.महविश के नाम दर्ज हुआ है। वहीं डॉ. दीपक बंसल को ६ स्वर्ण पदक और एक रजत पदक मिलेगा,साथ ही एक प्रशस्ति पत्र भी दिया जायेगा। डॉ. अदिति चंद्रा को एक गोल्ड मेडल मिलेगा। कुलपति डॉ. बिपिन पुरी ने बताया कि बीडीएस कर चुकी डॉ.गुंजन मेहता को ८ गोल्ड मेडल मिलेगा। इसके अलावा डॉ. नेहा रानी को दो गोल्ड मेडल और चार सिल्वर मेडल दिया जायेगा। डॉ.नेहा रानी को बेस्ट इंटर्न गोल्ड मेडल भी मिलेगा। वहीं बेस्ट फैकेल्टी का गोल्ड मेडल डॉ.एसके.दास को मिलेगा। बताया जा रहा है कि दीक्षांत समारोह में पीजी टपर को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इसमें ३८ चिकित्सक शामिल हैं। कुलपति ने बताया है कि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। इसके अलावा स्थापना दिवस २४ दिसंबर को मनाया जायेगा।

# स्टेट जीएसटी टीम का यूपी के ७१ जिलों में छापेमारी

नोएडा। टैक्स चोरी कर राजस्व को हानि पहुंचाने की शिकायत पर स्टेट जीएसटी ने नोएडा समेत पूरे यूपी में बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश के ७१ जिलों में एक साथ छापेमारी (त्पक) की जा रही है। अकेले नोएडा में ७२ स्थानों पर टीमें छापेमारी कर रही हैं। स्क्रैप, होटल फर्नीचर शॉप्स सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी जारी है। अभी तक इस छापेमारी में लाखों रुपए कैश बरामद हुआ है, साथ ही डॉक्यूमेंस्ट सहित अन्य सामान सीज किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बताया जीएसटी पोर्टल के जरिए लगातार इन फर्म पर नजर रखी जा रही थी। जीएसटी रिटर्न फाइल करने और फर्जी बिलिंग के संकेत भी मिले थे। जिससे ये फर्म बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर रहे थे। डाटा मिलने के बाद आज दोपहर बाद जीएसटी की टीमों ने पूरे प्रदेश में एक साथ छापामारी अभियाना की शुरूआत की। नोएडा में सेक्टर–६, १०, फेज–२, दनकौर और शाहबेरी में जीएसटी की कार्यवाही जारी है। बता दे नोएडा में इन स्थानों पर फर्नीचर की बड़ी फर्म है। साथ ही वे दुकानें हैं जहा बड़े स्तर पर सेकंड हैंड फर्नीचरी की खरीद फरोख्त होती है। जीएसटी की टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी इस करवाई में शामिल है। अब तक की छापेमारी में फिलहाल लाखों रुपए कैश, कुछ सामान और डॉक्यूमेंट मिले हैं। बता दे इससे एक महीने पहले भी जीएसटी और आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने नोएडा (छवपक) के सेक्टर–६८ यूनाइटेड एक्जिम एक्सपोर्ट कंपनी पर कार्रवाई की थी। वहां से ६० लाख कैश मिला और कंपनी पर ४.६ करोड़ रुपए का राजस्व जमा करने का जुर्माना लगाया गया था।

# आयोग की लापरवाही पर भड़के UPSSSC JE अभ्यर्थी

लखनऊ। साल २०१६ और साल २०१८ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने जूनियर इंजीनियर की भर्ती निकाली थी। जिसकी परीक्षा भी सफलतापूर्वक



आयोग ने करवाई थी। लेकिन ४ साल बीत जाने के बाद भी आयोग ने रिजल्ट जारी नही किया है। जिसको लेकर जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थियों ने कई बार आयोग के चक्कर काटे लेकिन उनकी किसी ने नही सुनी। वहीं रिजल्ट का इंतजार करते– करते परेशान होकर छात्र राजधानी लखनऊ के इको गार्डेन में १० दिनों से धरना दे रहे हैं। इसके अलावा आज डिप्लोमा इंजीनियर्स स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन भी इनके साथ धरने पर बैठ गए है। वहीं १० दिन बीत जाने के बाद जब उन अभ्यर्थियों से मिलने कोई नही आया तो उनका सब्र टूट गया और वे मुख्यमंत्री से गुहार लगाने के लिए विधानसभा की ओर निकल पड़े। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी अभ्यर्थियों को विध ाानसभा जाने से रोक लिया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने पुलिस से हाथ जोड़कर, रो–रो कर और गिड़गिड़ाकर विधानसभा जाने की गुहार लगाई। लेकिन पुलिस उन्हें लगातार विधानसभा न जाने के लिए समझाती रही। वहीं इस दौरान एक महिला अभ्यर्थी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया। इसके बाद जब पुलिस ने उन्हें नही जाने दिया तो सभी अभ्यर्थी वहीं बैठकर नारेबाजी करने लगे और कहने लगे कि जब तक रिजल्ट घोषित नही होगा तब तक हम ऐसे ही धरना देंगे चाहे हमें अपनी जान ही क्यों न देनी पड़े। अभ्यर्थियों ने बताया कि आयोग के तानाशाह रवैइए के चलते सभी छात्र हताश और निराश है। ४ साल से वह बाहर रखकर तैयारी कर रहे है लेकिन २०१६, २०१८ की भर्ती पूरी न होने और नई भर्ती न आने से उन्हें आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ है। जिसकी वजह से वह मानसिक तनाव में रह रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी सभी अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग के उच्चाधिकारियों को पत्र देकर रिजल्ट जारी करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन आयोग ने हर बार अगले महीने का अश्वासन देकर टालते रहे और चार साल बीत गए। छात्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग ने विज्ञापन संख्या ०४/२०१८ अवर अभियंता की भर्ती को जानबूझकर लटका रखा है। अभी बीती भर्तियां पूरी नही हुई और आयोग नई भर्तियों को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि २०१८ के बाद से अभी तक अवर अभियंता की नई भर्ती का विज्ञापन भी नही आया।

# गुजरात में बुरी तरह से हारेगी भाजपा : अखिलेश

मैनपुरी। गुजरात में विधानसभा चुनाव २०२२ के साथ ही आज उत्तर प्रदेश के मैनपुरी, रामपुर और खतौली विधानसभा सीट पर भी उप चुनाव हो रहे हैं। इन सभी सीटों पर भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) गठबंधन के बीच जबरदस्त टक्कर है। लेकिन ऐसा लगता है कि, यूपी के पूर्व सीएम और सपा के छोटे 'नेताजी' यानि अखिलेश यादव को अपने यहां के उप चुनावों से ज्यादा गुजरात चुनाव को लेकर चिंता है। तभी तो सपा नेता अखिलेश यादव गुजरात चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया देते दिख रहे हैं। यूपी में चल रहे उप चुनाव में मैनपुरी सीट पर वोट डालकर बाहर निकले यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मीडिया से कहा कि, मुझे उम्मीद है कि गुजरात में भाजपा बुरी तरह से हारेगी। वो तो ठीक है साहब। लेकिन यूपी के उप चुनावों का क्या होगा? हालांकि, बाद में छोटे नेताजी जी ने समाजवादी पार्टी को लेकर भी भरोसा जताते हुए कहा कि, मुझे उम्मीद है कि यहां भी समाजवादी पार्टी की बड़ी जीत होगी और इससे २०२४ लोकसभा चुनाव की भी शुरूआत होगी। अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव ने मैनपुरी उप चुनाव में अपना वोट डाला। डिंपल यादव खुद सपा की उम्मीदवार है। अखिलेश यादव ने कहा कि, यह नेताजी



का क्षेत्र रहा है, नेताजी को याद करके लोग वोट डालने आ रहे हैं। यहां सपा की विजय निश्चित है। इसी के साथ अखिलेश यादव ने एक बार फिर से भाजपा की योगी सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिस दिन से चुनाव शुरू हुआ है पुलिस को ये कहा गया है कि वोट ना पड़ने के सभी हथकंडे अपनाए जाए। पुलिस हर चौराहे पर बड़ी संख्या में खड़ी है, सभाओं में लोगों को नहीं आने दिया जा रहा है। सपा के वोट ना पड़ने दिये जाए।

# हत्या के दोषी को उम्रकैद

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले की एक अदालत ने हत्या के १२ वर्ष पुराने मामले के एक आरोपी



को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, रेवती थाना क्षेत्र के शिवाला मठिया गांव में २० अक्टूबर, २०१० को तड़के सूर्यबली सिंह नामक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में सूर्यबली सिंह के पिता सुखदेव सिंह की तहरीर पर बिहार निवासी पवन सिंह नामक व्यक्ति के विरुद्ध हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पवन बिहार के छपरा जिले के जलालपुर गांव का रहने वाला है। अपर जिला न्यायाधीश नितिन कुमार ठाकुर की अदालत ने सोमवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद पवन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व पांच हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# सरकारी गोदाम से पांच हजार बोरी खाद गायब

बलरामपुर। बलरामपुर जिले में सरकारी गोदाम से पांच हजार बोरी डीएपी खाद गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में सहायक भंडार नायक सहित दो अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंध ाक मानिक सिंह ने रविवार को बताया कि कुछ शिकायतें मिलने के बाद गोदाम का निरीक्षण किया गया तो गोदाम में सामान्य डीएपी खाद की २६२४ बोरी, सिंगल सुपर फास्फेट की ४०० बोरी, प्री पोजिशनिंग उर्वरक की १६३८ बोरी एवं प्री पोजिशनिंग खाद की ३५३ बोरी समेत कुल ५०१५ बोरी खाद गायब मिली। इस



उर्वरक की कुल मूल कीमत करीब ६१ लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि उर्वरकों की इस हेराफेरी की जानकारी जिलाधिकारी सहित विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई। उनके मुताबिक, इस पर कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कृषि अधि ाकारी द्वारा सहायक भंडार नायक वीरेंद्र प्रसाद कठेरिया और सहायक गोदाम प्रभारी मनोज कुमार वर्मा के खिलाफ सरकारी धन का के गबन और आवश्यक वस्तु अधिनियम की ध ााराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों आरोपी लापता हो गए हैं तथा उनकी तलाश की जा रही है।

## लखनऊ विकास प्राधिकरण के १६ भूखंडों की फर्जी रजिस्ट्री के पुलिस ने मांगे दस्तावेज

लखनऊ। गोमती नगर पुलिस ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के १६ भूखंडों की फर्जी रजिस्ट्री के अभिलेख मांगे हैं, जिनकी जांच करने के बाद पुलिस एफआईआर दर्ज करेगी। इस फर्जीवाड़े में ५४ लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है, जिसमें क्रेता–विक्रेता व कर्मचारी शामिल हैं। करीब दो साल पहले गोमती नगर में प्राधिकरण की कई योजनाओं के १६ भूखंड फर्जी रजिस्ट्री कर बेच दिए गए थे, जिसमें प्राधिकरण के कई कर्मचारी शामिल हैं। उस समय प्राधिकरण ने कमेटी बनाकर जांच कराई थी, जिसमें क्रेता–विक्रेता व कर्मचारी समेत ५४ लोगों के शामिल होने की बात सामने आई। अब इस मामले में दोषियों पर प्राधिकरण की तरफ से शनिवार को गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज करने लिए तहरीर दी गई है, जो अभी दर्ज नहीं हुई है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया




कि पहले मामले की जांच करेंगे। इसके लिए प्राधिकरण से रजिस्ट्री संबंधित अभिलेख मांगे हैं। जांच के बाद ही संबंधित पर एफआईआर दर्ज करेंगे। इसमें काफी संख्या में लोग शामिल हैं। वहीं, सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि तहरीर दे दी गई है। पुलिस कार्वाई करेगी।

# जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को धमकी, गृह सचिव ने सुरक्षा की समीक्षा की

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने मंगलवार को जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक आतंकवादी समूह द्वारा कश्मीरी पंडित समुदाय के ५६ कर्मचारियों की 'हिट लिस्ट' जारी किए जाने के बाद यह बैठक हुई है। बैठक में मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, अर्धसैनिक बलों और जम्मू–कश्मीर प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में जम्मू–कश्मीर के मौजूदा सुरक्षा हालात का जायजा लिया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह सामान्य मासिक बैठक है और जम्मू–कश्मीर प्रशासन के कुछ प्रतिनिधियों ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इसमें हिस्सा लिया। ऐसी खबरें हैं कि आतंकवादी समूह द्वारा कश्मीरी पंडित समुदाय के ५६ कर्मचारियों की 'हिट लिस्ट' जारी किए जाने के बाद घाटी में काम करने वाले कश्मीरी पंडित समुदाय के लोगों में डर और घबराहट है। लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े 'द रेजिस्टेंस फ्रंट–(टीआरएफ)' से




जुड़े एक ब्लग में ५६ कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की सूची दी गई है जिनकी भर्ती प्रधानमंत्री पुनर्वास पैकेज (पीएमआरपी) के तहत हुई है। इसमें कर्मचारियों पर हमले करने की धमकी दी है। आतंकवादियों द्वारा निशाना बनाकर हत्याएं किए जाने के बाद पीएमआरपी के तहत घाटी में काम करने वाले कई कश्मीरी पंडित कर्मचारी जम्मू चले गए हैं और ऐसे सभी कर्मचारियों को घाटी से बाहर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर २०० से ज्यादा दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू–कश्मीर में हाल के महीनों में हिंसा की तमाम घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष असैन्य नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों पर हमला और सीमापार से घुसपैठ का प्रयास आदि शामिल हैं। सरकार ने संसद को बताया है कि पांच अगस्त, २०१९ को संविधान के अनुच्छेद ३७० को समाप्त कर जम्मू–कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म किए जाने के बाद से जुलाई, २०२२ के बीच पांच कश्मीरी पंडितों और १६ अन्य सिखों तथा हिन्दुओं की जम्मू–कश्मीर में हत्या की गई है।

# महिलाओं के साथ लूट करने के अभियुक्त को कारावास की सजा

लखनऊ। संगठित गिरोह बनाकर महिलाओं के साथ लूट व अन्य आपराधिक घटनाओं को अपने गिरोह के साथ अंजाम देने के आरोपी विजय उर्फ धनराज को गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद गजाली ने छह वर्ष के साधारण कारावास व पांच ५ हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियुक्त के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक लूट के मामले दर्ज हैं। अभियोजन की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अवधेश सिंह व अभियोजन अधिकारी सौम्या प्रियदर्शिनी ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट ३० सितम्बर २०१६ को थाना आशियाना के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने आरोपी विजय उर्फ धनराज तथा जीवन कुमार के विरुद्ध दर्ज कराई थी। पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया था कि अभियुक्त विजय उर्फ धनराज जो कि खानपुर कला जनपद शामली का रहने वाला है, उसके द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए समाज विरोधी अपराध किया जाता है। कहा गया था कि अभियुक्त समाज के लिए खतरा है व उसका शिकार आम महिलाएं होती हैं। अदालत को यह भी बताया गया कि अभियुक्त का इतना ज्यादा आतंक है कि कोई भी व्यक्ति उसके विरुद्ध गवाही देने के लिए तैयार नहीं होता है। अभियोजन अधिकारी सौम्या प्रदर्शनी द्वारा अदालत के समक्ष दी गई अपनी दलील में यह भी कहा गया कि अभियुक्त के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक लूट के मामले थाना पीजीआई व थाना आशियाना में दर्ज हैं।

# उपाधि पाने वाले छात्रों का पंजीकरण शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में १६ दिसंबर को आयोजित होने वाले १७ वें दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए अनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य विश्वविद्यालय ने प्रारंभ कर दिया है। मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी १२ क्षेत्रीय केंद्रों पर अनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी गई है। पंजीयन व वेबसाइट समिति के समन्वयक डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि १७ वें दीक्षांत समारोह में परीक्षा सत्र दिसंबर २०२१ और जून २०२२ में उत्तीर्ण छात्रों को उपाधियों का वितरण किया जाएगा। इन दोनों सत्रों में उत्तीर्ण परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए नामांकन पत्र को पूरी तरह से भरकर अपना नामांकन करा लें। उन्होंने बताया कि छात्र यथाशीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से नामांकन पत्र में अपना विस्तृत विवरण पूरित कर दें, जिससे उनकी उपाधियां समय के पूर्व तैयार कराई जा सकें। ड सिंह ने बताया कि उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने मंगलवार को दीक्षांत समारोह की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के १२ क्षेत्रीय केंद्रों प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी, आगरा, कानपुर, अयोध्या, मेरठ, आजमगढ़ तथा नोएडा आदि केंद्रों के छात्रों को न केवल दीक्षोत्सव से जोड़ा जाए बल्कि सत्र दिसंबर २०२१ और जून २०२२ की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का अधिक से अधिक संख्या में नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। जिससे वह दीक्षांत समारोह में अपने विश्वविद्यालय में आकर डिग्री प्राप्त कर सकें।

# रामपुर में आजम खान पर एक और मुकदमा

रामपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के खिलाफ पुलिस और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ 'भड़काऊ' शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में पूर्व मंत्री के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। रामपुर उपचुनाव में वीडियो सर्विलांस टीम के प्रभारी सुजेश कुमार सागर की शिकायत पर शुक्रवार को यह प्राथमिकी कोतवाली थाने में दर्ज की गयी। एक चुनावी सभा के दौरान महिलाओं के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में खान के विरूद्ध मामला दर्ज किए जाने के एक दिन बाद यह प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत में कहा गया है, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार असीम राजा के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने एक भाषण दिया। इसमें उन्होंने आम जनता को भड़काने के लिए पुलिस, चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है कि मोहम्मद आजम खां ने अपने संबोधन में कहा, 'यहां आइए मुख्य चुनाव आयुक्त आप यहां आ जाइये, दे दो सर्टिफिकेट एमएलए का, हम भी ताली बजाएंगे, भांडो की तरह, जरूरी थोड़ी है कि भांडगिरी आप ही करेंगे, हमें भी भांड बना



लो, कही भांडगिरी से शासन नहीं होता, भांडगिरी से देश नहीं चलता,' शिकायत में लिखा है।' शिकायत में आगे कहा गया है, आजम खां ने अपने पूरे भाषण में पुलिस, चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर जनसभा में मौजूद लोगों के बीच नफरत भड़काकर और फैलाकर जनता की शांति भंग करने की कोशिश की और आचार संहिता का उल्लंघन किया। उक्त रैली में समाजवादी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल हुए और वहां सभा को संबोधित किया। कोतवाली थाने के थाना प्रभारी किशन अवतार ने कहा, 'शिकायत के आधार पर हमने आजम खान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खान के खिलाफ धारा १५३–ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और ५०५ (१) (बी) (किसी भी बयान, अफवाह या प्रचार को प्रकाशित या प्रसारित करना) तथा जन अधिनियम का प्रतिनिधित्व १९५१ और १९८८ की धारा १२५ के तहत मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि आजम खान को घृणा भरे भाषण और अभद्र भाषा के प्रयोग के लिए रामपुर की एक सांसद–विधायक अदालत ने तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई जिसके चलते उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई और अब रामपुर विध ाानसभा क्षेत्र में उप चुनाव हो रहा है। रामपुर में आजम खान के करीबी आसिम राजा सपा के उम्मीदवार हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने यहां आकाश सक्सेना को अपना उम्मीदवार बनाया है।

# चुनावी रंजिश में दिन दहाड़े पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की हत्या

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र स्थित कस्बा में दिन दहाड़े पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) राम जीवन चौध री की हत्या चुनावी रंजिश के कारण हुई थी। गांव के ही पूर्व प्रधान शमशेर यादव उर्फ शिवा ने साथियों संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि हत्या में शामिल शिवा, रिंकू, माइकल और जितेंद्र की पहचान होने के बाद भी पुलिस ४८ घंटों में नहीं पकड़ सकी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार गुरुदीन खेड़ा गांव निवासी राम जीवन चौधरी (५५) की गांव के ही पूर्व प्रधान शमशेर यादव से चुनावी रंजिश चल रही थी। जिसे लेकर दोनों में कई बार विवाद भी हो चुका था। साथ ही जमीनी विवाद भी चल रहा था। गांव में होने वाले चुनाव में रामजीवन शमशेर का शुरू से विरोध ा करता था। जिसके कारण शमशेर ने रामजीवन को अपने रास्ते से हटाने का प्लान अपने चारों साथियों के साथ मिलकर बनाया। इसमें हत्या वाले दिन रिंकू सुबह से ही रामजीवन की रेकी करना शुरू कर दिया। देर शाम रामजीवन काम खत्म कर के घर वापस आ रहा था कि पांचों ने गांव में पहुंचते ही गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। इस हत्या में सबसे पहली गोली पूर्व प्रधान शमशेर ने ही चलाई थी। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया ३१५ बोर तमंचा भी बरामद कर लिया गया है।

# भाजपा ने लगाया सपा पर गलत सूचनाएं फैलाने का आरोप

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने अराजकता फैला कर मतदान को प्रभावित किया। इस सिलसिले में भाजपा नेताओं ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा द्वारा गलत सूचनाएं प्रेषित करके भ्रम फैलाया जा रहा है। सपा जिन मुद्दों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज करा रही है, वह सब झूठ का आवरण है। जिसकी आड़ में सपा के अराजकतत्वों द्वारा मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा समर्थक कार्यकर्ताओं को डराया धमकाया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि सपा और रालोद के भ्रम से भरे ट्वीट फैलाने के पीछे सोची समझी रणनीति है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देने गए प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी थे।

# हाईकोर्ट ने सहायक अध्यापकों की नियुक्ति को निरस्त करने आदेश को किया खारिज

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ऑनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म में शिक्षामित्र सम्बन्धी त्रुटिपूर्ण जानकारी देने के कारण सहायक अध्यापक के पदों पर नियुक्त किए गए, अभ्यर्थियों की नियुक्ति व कुछ अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त करने वाले राज्य सरकार के आदेश को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने बेसिक शिक्षा विभाग को अभ्यर्थियों के मामलों पर पुनः विचार का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की एकल पीठ ने विजय गुप्ता व अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दाखिल दर्जनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। याचियों का कहना था कि सहायक अध्यापक परेक्षा २०१६ में उनका चयन हुआ था परंतु बाद में अनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म में गलत जानकारी




भरने के आधार पर उनका चयन व उम्मीदवारी निरस्त करते हुए, वसूली का आदेश दिया गया। याचियों की ओर से दलील दी गई कि निरस्तीकरण का आदेश पारित करने से पूर्व विभाग को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों के आलोक में यह देखना चाहिए था कि तथाकथित गलत जानकारी से अभ्यर्थी को कोई लाभ हो रहा था अथवा नहीं. कहा गया कि इस तथ्य को देखे बिना मात्र त्रुटिपूर्ण अप्लीकेशन फर्म भरे जाने के आधार पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई। न्यायालय ने भी सर्वोच्च न्यायालय के दो निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि यदि गलत जानकारी मात्र त्रुटिवश भर दी गई है और इससे अभ्यर्थी को कोई लाभ नहीं हो रहा तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त नहीं किया जाना चाहिए। न्यायालय ने यह टिप्पणी करते हुए, आदेश दिया है कि अभ्यर्थियों के मामलों पर आठ सप्ताह में पुनः विचार कर निर्णय लिया जाए, साथ ही वसूली आदेश पर भी रोक लगा दी है।


# सास की जान लेने वाली बहू को दस साल कैद की सजा

लखनऊ। सास की गला दबाकर गैर इरादतन हत्या करने की आरोपी बहू रोली यादव को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष न्यायाधीश शालिनी सागर ने दस साल के कठोर कारावास व बीस हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत के समक्ष तर्क प्रस्तुत करते हुए सरकारी वकील ने दलील दी कि इस मामले की रिपोर्ट अभियुक्ता के विरुद्ध उसके पति सोनेलाल ने १६ दिसम्बर २०११ को काकोरी थाने पर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि वह दूध बेचने के लिए लखनऊ जाता था तथा घर पर उसकी मां रूपा व पत्नी रोली यादव के बीच झगड़ा हुआ करता था। कहा गया है कि घटना वाले दिन भी जब वह घर में नहीं था तो पत्नी व मां के बीच लड़ाई–झगड़ा हुआ था जिसमें अभियुक्ता रोली यादव ने बिना कुछ सोचे–समझे वादी की मां का गला दबा दिया था जिससे उनकी मौत हो गई थी। थाने में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया कि मां की मृत्यु की सूचना यद्यपि वादी ने बिना किसी पर आरोप लगाए दी थी। लेकिन बाद में उसे मालूम हुआ कि १६ दिसम्बर को झगड़े को लेकर उसकी पत्नी रोली यादव ने ही मां रूपा की झगड़े के दौरान गुस्से में आकर गला दबा दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। अदालत ने पत्रावली पर मौजूद मौखिक साक्ष्य व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर रोली यादव को कारावास व जुर्माने की सजा से दंडित किया है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे अक्षय कुमार

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार सिल्वर स्क्रीन पर छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अक्षय कुमार छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म में



काम करने जा रहे है। इस फिल्म में अक्षय शिवाजी जी के अहम किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए अक्षय मराठी फिल्मों में डेब्यू भी कर रहे हैं। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की शूटिंग से जुड़ी जानकारी फैंस के साथ शेयर की है। अक्षय ने छत्रपति शिवाजी महाराज की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के कांच के फ्रेम में अक्षय की झलक साफ दिख रही है। वह हाथ जोड़कर खड़े नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ अक्षय ने कैप्शन में लिखा कि आज मराठी फिल्म श्वेडात मराठे वीर दौड़ले सातश की शूटिंग शुरू कर रहा हूं, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमिका कर पाना मेरे लिए सौभाग्य है। मैं उनके जीवन से प्रेरणा लेकर और मां जिजाऊ के आशीर्वाद से मेरा पूरा प्रयास करुंगा। अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म श्वेडात मराठे वीर दौड़ले सातश को महेश मांजरेकर बनाने जा रहे हैं। इसे कुरैशी प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के वसीम कुरैशी निर्मित कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल २०२३ में दीवाली पर रिलीज होगी। यह फिल्म मराठी के अलावा हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। फिल्म में अक्षय के अलावा जय दुधाने, उत्कर्ष शिंदे, विशाल निकम, विराट मैडके, हार्दिक जोशी, सत्या, नवाब खान और प्रवीण तरडे जैसे कलाकार अहम रोल में हैं।

# नहीं रहे प्रख्यात रंगकर्मी विष्णु त्रिपाठी 'लंकेश'

लखनऊ। प्रख्यात रंगकर्मी और पूर्व पार्षद विष्णु त्रिपाठी लंकेश का रविवार को निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे। चौक रामलीला में वर्षों से रावण का किरदार निभाते आ रहे विष्णु त्रिपाठी को लंकेश नाम उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आचार्य विष्णुकान्त त्रिपाठी ने दिया था। यह नाम इतना पसंद किया गया कि फिर वह लंकेश के नाम से छा गए।वह एक अच्छे कलाकार, नेक इंसान और भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्त्ता थे। ६७ वर्षीय विष्णु त्रिपाठी ने रामलीला में ४० साल तक रावण का किरदार निभाया। सोमवार को पूर्वाह्न ११ बजे गोमती तट स्थित गुल्लाला घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। वह अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गए हैं।



पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और रोटी कपड़ा फाउंडेशन के सचिव रिद्धि किशोर गौड़ ने विष्णु त्रिपाठी के निधन को समाज और कला जगत का अपूर्णनीय नुकसान बताया है।

# अनुष्का शर्मा को अपने रेट्रो लुक को मिली तारीफ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा फिल्म कला में अपने रेट्रो लुक को मिल रही तारीफ से बेहद खुश है। एक दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर फिल्म कला को रिलीज किया गया। यह फिल्म दिवंगत इरफान खान के बेटे बाबिल की डेब्यू फिल्म है। इस फिल्म में अनुष्का शर्मा ने कैमियो रोल किया है जिसमें उनके रेट्रो लुक को खूब पसंद किया जा रहा है। श्कलाश में अनुष्का शर्मा ने श्घोड़े पे सवारश गाने में कैमियो किया है। इस गाने में अनुष्का रेट्रो लुक में नजर आईं। अपने लुक को मिले दर्शकों के प्यार से अभिभूत अनुष्का शर्मा ने उन्हें धन्यवाद किया है। अनुष्का ने सोशल मीडिया पर श्घोड़े पे सवारश गाने से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए बताया है कि उन्हें इस गाना के लिए परफॉर्म करने पर कितना मजा आया। अनुष्का शर्मा ने तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन दिया कि कोई कैसे उन्हें ये समझाए... /अनविता दी आप ही बताएं।



कला की जर्नी का हिस्सा बनकर मजा आया।श गौरतलब है कि अमृता दत्ता द्वारा निर्देशित कला में बाबिल खान, तृप्ति डिमरी और स्वास्तिका मुखर्जी मुख्य किरदार में हैं। यह फिल्म आजादी के बाद के भारत की है। इसमें उस जमाने के संगीत की दुनिया को दिखाया गया है, जब इंडस्ट्री कलकत्ता में हुआ करती थी।

# लेडी गागा के डॉग वॉकर की गोली मारकर हत्या

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड गायिका लेडी गागा के पालतू कुत्तों को टहलाने वाले व्यक्ति को पिछले साल गोली मारने और फ्रेंच बुलडॉग प्रजाति के कुत्तों की चोरी करने के आरोपी को यहां की अदालत ने २१ साल कारावास की सजा सुनाई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुत्तों का लेडी गागा से संबंध महज संयोग था और इस घटना को अंजाम देने का मकसद महंगे फ्रांसीसी बुलडॉग की चोरी करना था जिसकी कीमत हजारों डॉलर है। अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ताओं का मानना है कि चोर को नहीं पता था कि कुत्ते लेडी गागा के हैं। लॉस एंजिलिस काउंटी जिला अटर्नी कार्यालय ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले तीन लोगों में शामिल जेम्स हॉवर्ड जैकसन ने हत्या का मामला नहीं चलाने का अनुरोध किया था। कार्यालय के मुताबिक कुत्तों की चोरी की कोशिश २४ फरवरी २०२१ को की गई थी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक